# कार्यालय उप संचालक कृषि

## सह परियोजना प्रबंधक, जलग्रहण प्रकोष्ठ सह डाटा केन्द्र, जिला –बालोद (छ.ग.)

दूरभाष : 07749–223912, e-mail id – ddabalod@gmail.com

क्रमांक / टी–10 / PMKSY-WDC-2.0 / 2023–24 / 206 बालोद दिनांक 28 / 08 / 2023

## विज्ञापन

छत्तीसगढ़ राज्य जलग्रहण क्षेत्र प्रबंधन एजेंसी (CGSWMA) इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय परिसर, कृषक नगर, लाभाण्डी रायपुर छ.ग. के पत्र क्रमांक 668 / CGSWMA / 22 रायपुर, दिनांक 29.09.2022, पत्र क्रमांक 735 / CGSWMA / 22 रायपुर, दिनांक 18.10.2022 एवं पत्र क्रमांक 989 / CGSWMA / 22 रायपुर, दिनांक 27.12.2022 में प्राप्त निर्देश के परिपालन में WDC-PMKSY 2.0 योजना के सफल संचालन हेतु निम्नांकित संविदा पदों के सम्मुख दर्शाये गये वांछित आर्हतानुसार संविदा नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। विस्तृत जानकारी कार्यालयीन समय में कार्यालय से एवं जिले की वेब साईट www.balod.gov.in से प्राप्त की जा सकती है। सीधे एवं समयावधि पश्चात् प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

| क्र. | पदनाम | पद संख्या | मैट्रिक्स वेतन / एकमुश्त वेतनमान | न्यूनतम एवं वांछनीय अर्हता | चयन हेतु मेरिट अंक का निर्धारण | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | WDT सदस्य (यांत्रिकी)<br>परियोजना (PIA) स्तर<br>अनारक्षित (मुक्त)–01 | 01 | 10 / 31450.00 एकमुश्त | **न्यूनतम**–बी.टेक. (कृषि अभियांत्रिकी) / बी. ई. सिविल / दो वर्षीय स्नातकोत्तर डिग्री अथवा डिप्लोमा रूरल टेक्नालॉजी एण्ड मैनेजमेंट विषय में।<br>**वांछनीय**–मृदा एवं जल संरक्षण / वानिकी / शुष्कभूमि कृषि / उद्यानिकी / जलग्रहण क्षेत्र प्रबंधन में अनुभव रखने वाले अभ्यर्थी को प्राथमिकता | न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता में प्राप्त प्रतिशत पर 100 अंक का Weightage देते हुए | 70 |
| | | | | | कम्प्यूटर प्रायोगिक परीक्षा पर | 15 |
| | | | | | शासकीय अथवा शासकीय उपक्रमों के अधीन समान वेतनमान पर कार्य अनुभव | 15 |
| | | | | | **उक्त अनुभव के 15 अंक का विभाजन** | |
| | | | | | न्यूनतम 3 वर्ष तक का अनुभव | 05 |
| | | | | | 5 वर्ष तक का अनुभव | 10 |
| | | | | | 5 वर्ष से अधिक का अनुभव | 15 |
| 2 | लेखापाल सह डाटा एन्ट्री ऑपरेटर<br>परियोजना (PIA) स्तर<br>अनारक्षित (मुक्त)–01 | 01 | 6 / 18420.00 एकमुश्त | **न्यूनतम**–मान्य संस्थाओं से कम्प्यूटर में डिप्लोमा अथवा डिग्री। सामान्य प्रशासन विभाग के पत्र क्रमांक एफ–9–4 / 2005 / 1 / 3, दिनांक 07 जून 2007 में उल्लेखित संस्थाओं द्वारा जारी प्रमाण को ही मान्य किया जायेगा।<br>**वांछनीय**–किसी भी संस्थान से टेली में न्यूनतम 06 माह क डिप्लोमा। किसी भी चार्टड एकाउंटेंट (C.A.) से आर्टिकलशीप का अनुभव रखने वाले अभ्यर्थी को प्राथमिकता | न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता में प्राप्त प्रतिशत पर 100 अंक का Weightage देते हुए | 70 |
| | | | | | कम्प्यूटर प्रायोगिक परीक्षा पर | 15 |
| | | | | | शासकीय अथवा शासकीय उपक्रमों के अधीन समान वेतनमान पर कार्य अनुभव | 15 |
| | | | | | **उक्त अनुभव के 15 अंक का विभाजन** | |
| | | | | | न्यूनतम 3 वर्ष तक का अनुभव | 05 |
| | | | | | 5 वर्ष तक का अनुभव | 10 |
| | | | | | 5 वर्ष से अधिक का अनुभव | 15 |

नियम व शर्तेः–

01. आवेदन बंद लिफाफे में **कार्यालय उप संचालक कृषि सह परियोजना प्रबंधक WCDC जिला–बालोद में पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट से दिनांक 12/09/2023 तक कार्यालयीन समय सायं 5:30 बजे** तक स्वीकार किए जायेगें। समय–सीमा पश्चात् एवं कोरियर या व्यक्तिगत रूप से प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जावेगा।
02. लिफाफे के ऊपर पद का नाम जिसके लिए आवेदन किया जा रहा है का स्पष्ट उल्लेख किया जावें, आवेदन त्रुटिपूर्ण अथवा अपूर्ण होने पर निरस्त किया जावेगा।
03. संविदा नियुक्ति सामान्यतः 01 वर्ष की होगी। WCDC आवश्यकता के आधार पर एवं संविदा नियुक्त व्यक्ति की उपयुक्तता का गोपनीय प्रतिवेदन द्वारा आंकलन कर सेवा वृद्धि का निर्णय ले सकेगा। संविदा नियुक्ति की समाप्ति पर संविदा नियुक्ति स्वमेव निरस्त मानी जावेगी। नियुक्ति पूर्णतः अस्थायी होगी एवं बिना कारण बताए सेवा समाप्त की जा सकती है।
04. आवेदक को छत्तीसगढ़ का मूल निवासी होना अनिवार्य है। (सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र प्रस्तुत करें)
05. प्रत्येक पद हेतु पृथक–पृथक आवेदन आवेदन पत्र ही स्वीकार किया जावेगा। संयुक्त आवेदन किसी भी स्थिति में मान्य नहीं होगा।
06. आवेदक की आयु दिनांक 01.01.2023 की स्थिति में न्यूनतम 18 एवं अधिकतम 40 वर्ष होनी चाहिये। अ.जा., अ.ज.जा, पिछड़ा वर्ग एवं महिला उम्मीदवार को राज्य शासन द्वारा समय–समय पर जारी किये गये आदेशों के अनुरूप आयु में छूट की पात्रता होगी।
07. अ.जा., अ.ज.जा., पिछड़ा वर्ग जाति की पुष्टि में आवेदक को अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) द्वारा जारी प्रमाण पत्र की छायाप्रति आवेदन के साथ संलग्न करना अनिवार्य है।
08. आवेदक का रोजगार कार्यालय में जीवित पंजीयन होना आवश्यक है।
09. जन्मतिथि प्रमाणित हेतु हाईस्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा की अंकसूची संलग्न करना अनिवार्य होगा।
10. फोटो, जाति प्रमाण पत्र, मूल निवास प्रमाण पत्र, शैक्षिणक योग्यता एवं अन्य प्रमाण पत्र स्व प्रमाणित संलग्न करें।
11. पात्र उम्मीदवारों को कम्प्यूटर कौशल परीक्षा में उपस्थित होना अनिवार्य होगा।
12. उम्मीदवारों के चयन हेतु शासन द्वारा निर्धारित शैक्षणिक योग्यता में प्राप्त अंको एवं कम्प्यूटर कौशल परीक्षा तथा अनुभव में प्राप्त अंको के आधार पर मेरिट सूची तैयार की जावेगी।
13. शासकीय अथवा शासकीय उपक्रमो के अधीन समान वेतन पर कार्य करने का अनुभव होने पर ही शासन द्वारा निर्धारित अनुभव अंक की पात्रता होगी। शासकीय एवं अर्द्धशासकीय संस्था में कार्यरत अभ्यर्थी को नियोक्ता का अनापत्ति प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
14. यह संविदा नियुक्ति छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जारी संविदा नियुक्ति नियम 2012 में निहित शर्तो के अनुसार की जावेगी।
15. सेवा समाप्ति के बाद कर्मियों को किसी भी प्रकार की पेंशन भत्ता या अन्य राशि प्रदान नही की जावेगी।
16. विज्ञापित पदों की संख्या में परिवर्तन किया जा सकता है।
17. किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में नियोक्ता अधिकारी का निर्णय अंतिम रूप से मान्य होगा।
18. विस्तृत नियम–शर्तें एवं आवेदन पत्र प्रारूप कार्यालय, उप संचालक कृषि सह परियोजना प्रबंधक WCDC बालोद के सूंचना पटल एवं जिला बालोद के वेबसाइट www.balod.gov.in पर देखा जा सकता है।

**(कलेक्टर महोदय द्वारा अनुमोदित)**

28/8/23

**उप संचालक कृषि**
**सह परियोजना प्रबंधक WCDC**
**जिला–बालोद (छ.ग.)**

# आवेदन पत्र का प्रारूप

प्रति,

**उप संचालक कृषि**
**सह परियोजना प्रबंधक WCDC**
**जिला–बालोद (छ.ग.)**

| अभिप्रमाणित नवीनतम पासपोर्ट साईज फोटो चिपकायें |
|---|

1. आवेदित पद का नाम :– ........................................
2. आवेदक का नाम (हिन्दी में) :– ........................................
   (अंग्रेजी के कैपिटल अक्षर में ) :– ........................................
3. लिंग (पुरूष / महिला) :– ........................................
4. वैवाहिक स्तर :– ........................................
   (विवाहित / अविवाहित / विधवा / विधुर) :– ........................................
5. पिता / पति का नाम :– ........................................
6. प्रवर्ग (सामान्य / अजा. / अजजा. / अपिव) :– ........................................
7. जन्म तिथि (अ) अंको में :– ........................................
   (ब) शब्दों में :– ........................................
8. आयु (01.11.2022 की स्थिति में ) :– ..............वर्ष....................माह.............दिन.............
9. जाति :– ........................................
   (आरक्षित वर्ग के आवेदक सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र की सत्यापित छाया प्रति संलग्न करें)
10. स्थायी पता :– ........................................
    :– ........................................
    पत्र व्यवहार का वर्तमान पता :– ........................................
    :– ........................................
    मोबाईल नम्बर :– ........................................
12. जिला जहां के मूल निवासी हैं :– ........................................
13. **शैक्षणिक योग्यता (हाई स्कूल एवं समकक्ष से प्रारंभ करते हुये)**

| क्र. | उत्तीर्ण परीक्षा / डिग्री | मान्यता प्राप्त बोर्ड / वि.वि. का नाम | उत्तीर्ण वर्ष | कुल अंक | प्राप्तांक | प्रतिशत | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |

14. अन्य योग्यता/अनुभव का विवरण :— ..............................
(अनुभव प्रमाण पत्र संलग्न करें)

15. रोजगार कार्यालय का नाम एवं जीवित पंजीयन :— ..............................

16. आवेदक शासकीय/अर्धशासकीय संस्था में कार्यरत हैं? :— ..............................
(यदि हां तो कार्यालय प्रमुख का अनापत्ति
प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रति संलग्न करें)

18. क्या अभ्यर्थी के विरूद्ध कोई दण्डित प्रकरण किसी पुलिस थाने/न्यायालय में लंबित है? अथवा किसी न्यायालय में निराकृत हो चुका है यदि हां तो संबंधित अधिनियम एवं धारा सहित प्रकरण क्रमांक एवं निर्णय की जानकारी स्पष्ट रूप से उल्लेख करें। :— ..............................

**टीप :— जाति प्रमाण पत्र, मूल निवासी प्रमाण पत्र एवं शैक्षणिक योग्यता प्रमाण एवं अन्य प्रमाण पत्र की अभिप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करें।**

19 **संलग्न प्रमाण पत्रों की सूची :—**

| | |
|---|---|
| 1. .............................. | 2. .............................. |
| 3 .............................. | 4. .............................. |
| 5. .............................. | 6. .............................. |
| 7. .............................. | 8. .............................. |

**आवेदक के हस्ताक्षर**
**(नाम एवं पूरा पता)**

## घोषणा—पत्र

मैं घोषणा करता/करती हूं कि इस आवेदन पत्र में दिये गये सभी विवरण एवं समस्त अभिलेख पूर्णतः सत्य एवं सही है। कोई जानकारी असत्य होने की दशा में मेरा आवेदन निरस्त किया जा सकेगा एवं चयन के उपरांत भी मेरी नियुक्ति बिना नोटिस के समाप्त की जा सकेगी तथा मेरे विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जा सकेगी।

**स्थान:—..............................**
**दिनांक:—..............................**

**आवेदक के हस्ताक्षर**
**(नाम एवं पूरा पता)**